# स्वच्छ और सुंदर शहर की ओर बढ़ते कदम

## नगरीय निकायों में लगातार जारी स्वच्छता अभियान

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** जिले के नगरीय क्षेत्रों को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नगरीय निकायों द्वारा स्वच्छता अभियान को निरंतर गति दी जा रही है। अभियान के तहत बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, नालियों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर नियमित साफ-सफाई के साथ घर-घर कचरा संग्रहण और एकत्रित कचरे के व्यवस्थित निष्पादन की कार्यवाही की जा रही है। स्वच्छता गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को भी अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद गाडरवारा



द्वारा नगरीय क्षेत्र के बाजारों एवं विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर नियमित सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों से एकत्रित कचरे को कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से निर्धारित स्थल तक पहुंचाकर उसका वैज्ञानिक एवं सुरक्षित तरीके से निष्पादन किया गया। इससे सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिल रही है। नगर पालिका परिषद गोटेगांव में भी स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए नगर के विभिन्न क्षेत्रों से नियमित रूप से कचरे का संग्रहण किया जा रहा है।

इसके साथ ही नगर की नालियों की साफ-सफाई कर जल निकासी व्यवस्था को भी बेहतर बनाया जा रहा है। नगर परिषद चीचली द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान नगरीय क्षेत्र की नालियों की साफ-सफाई, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता तथा अनावश्यक झाड़ियों की छंटाई का कार्य किया गया। सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई कर स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाया गया।

## शाम की ई-अटेंडेंस नहीं लगने से शिक्षक परेशान

**तेंदूखेड़ा।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय छत्तरपुर में इन दिनों ईअटेंडेंस व्यवस्था में आ रही तकनीकी समस्या के कारण शिक्षक परेशान हैं। शिक्षकों के अनुसार पिछले तीन दिनों से शाम के समय लगातार नेटवर्क बंद हो जाता है। जिसके चलते वे समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कर पा रहे हैं। शिक्षकों ने बताया कि शाम के समय नेटवर्क चले जाने के बाद कई बार छह बजे के बाद नेटवर्क वापस आता है। ऐसी स्थिति में शिक्षक उपस्थिति कराने के लिए काफी देर तक इंतजार करने को मजबूर हैं। ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं होने पर वेतन कटने की आशंका को लेकर भी शिक्षक चिंतित हैं। शिक्षकों कहना है कि नेटवर्क की समस्या उनके नियंत्रण से बाहर है।

## मां नर्मदा युवा सेवा समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नवभारत/ गोटेगांव।** माँ नर्मदा युवा सेवा समिति झांसीघाट द्वारा आज झांसीघाट स्थित माँ नर्मदा तट पर विशाल स्वच्छता अभियान चलाया गया। समिति के सदस्यों ने घाट परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई कर स्वच्छता और माँ नर्मदा संरक्षण का संदेश दिया। अभियान समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र पटेल के नेतृत्व में चलाया गया, जिसमें आशीष पटेल, संजय यादव, पवन मेहरा, पंचम पटेल एवं साहिल मेहरा सहित सभी सदस्यों की उपस्थिति रही। सभी ने एकजुट होकर घाट की साफ-सफाई की और लोगों को माँ नर्मदा के पावन तट को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए जागरूक किया। समिति द्वारा यह स्वच्छता अभियान प्रत्येक रविवार को



निरंतर चलाया जा रहा है। समिति का उद्देश्य माँ नर्मदा के पावन तट को स्वच्छ, सुंदर एवं निर्मल बनाए रखना तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है। समिति ने सभी श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे घाट परिसर में कचरा न फैलाएं और माँ नर्मदा में प्लास्टिक, पूजा सामग्री एवं अन्य अपशिष्ट न डालें।

### एक नजर में

#### आदिवासी अंचल मर्रावन में जनसंवाद शिविर आज

**तेंदूखेड़ा।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिले में प्रशासन और आम जन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने तथा नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर पहल की जा रही है। इसी क्रम में आज 3 सितम्बर को जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत मर्रावन में 5वां जनसंवाद शिविर आयोजित किया जा रहा है।अभियान के तहत अधिकारी निर्धारित ग्रामों में पहुंचकर फील्ड में रहेंगे और गांव गांव भ्रमण कर आमजन से सीधा संवाद करेंगे। इस दौरान नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना जाएगा तथा पात्र प्रकरणों में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए यथासंभव मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

#### संतान की लंबी आयु सुख समृद्धि के लिए महिलाओं ने रखा व्रत

**तेंदूखेड़ा।** हलषष्ठी व्रत (हरछठ) संतान की लंबी आयु अच्छे स्वास्थ्य और सुख समृद्धि के लिए माताएं रखती हैं। यह भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। यह श्री कृष्ण के बड़े भाई भगवान बलराम का जन्मोत्सव भी है जिनका मुख्य शस्त्र हल है। यह व्रत माताओं द्वारा अपनी संतान के कल्याण और संकटों से रक्षा के लिए किया जाता है।इस दिन व्रती नारियां शिव पार्वती गणेश कार्तिकेय का पूजन करती हैं।इसे ललही छठ चन्द्र षष्ठी हरछठ या बल्देव छठ भी कहते हैं। इस दिन भगवान बलराम और हल की पूजा होती है।इस दिन हल से जोते गए खेतों से उत्पन्न अनाज या फल खाने की मनाही होती है।केवल स्वतः उत्पन्न होने वाले तिन्नी के चावल (पसई के चावल) और महुआ का विशेष उपयोग किया जाता है।

#### श्री रम्मेलाल सदानंद ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी घोषित

**गोटेगांव।** 7 स्थानीय 1008 श्री शांतिनाथ जिनालय की श्री रम्मेलाल सदानंद ट्रस्ट कमेटी की बैठक मंगलवार को आचार्य विद्यासागर सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का निर्विरोध चुनाव किया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष - सुनील कुमार जैन स्टूडियो महामंत्री - सचिन कुमार शास्त्री, सहमंत्री - संजय कुमार जैन दादा कोषाध्यक्ष - अमित जैन अंतू दाल वाले सह कोषाध्यक्ष - सुनील कुमार जैन सांकल वाले), प्रचार-प्रसार मंत्री - अनिल जैन पत्रकार एवं समन्वयक मंत्री - अखिलेश जैन बबलू को चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील कुमार जैन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए ट्रस्ट के उद्देश्यों को गति देने की बात कही।

#### विभागीय योजनाओं से करेंगे लाभान्वित

**नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिले में प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने तथा नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर पहल की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार 3 सितम्बर को जनपद पंचायत चावरपाठा की ग्राम पंचायत मर्रावन में पांचवां जनसंवाद शिविर आयोजित किया जाएगा। विदित है कि प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाला यह शिविर 4 सितंबर को शासकीय अवकाश होने के कारण 3 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत अधिकारी निर्धारित ग्रामों में पहुंचकर फील्ड में रहेंगे और गांव-गांव भ्रमण कर आमजन से सीधा संवाद करेंगे।



## भगवान बलराम की जयंती किरार दिवस के रुप में मनाई

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस हलधर भगवान बलराम जी की जयंती किरार समाज ने किरार दिवस के रुप में हर्षोल्लास पूर्वक किरार भवन परिसर में धूमधाम से मनाई गई। भगवान बलराम के चित्र पर माल्यार्पण पूजन अर्चन के साथ हुये इस कार्यक्रम में समाज के मेधावी छात्र छात्राओं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए जिले से विभिन्न समाज यादव कुर्मी कौरव लोधी पाल साहू नामदेव सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों को भी शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। तथा सभी समाजों को एकजुट होकर व्याप्त कुरीतियों को दूर कर बच्चों को अच्छे संस्कार देने शिक्षित करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## श्रीधाम की शिक्षा परंपरा के पुरोधाओं का होगा सम्मान

**नवभारत/ गोटेगांव।** श्रीधाम गोटेगांव की गौरवशाली शिक्षा परंपरा को आगे बढ़ाने वाले शिक्षकों के सम्मान में 5 सितंबर 2026, शनिवार को प्रात: 10 बजे सरस्वती शिशु मंदिर गोटेगांव में भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में नगर के लगभग 102 पूर्व सेवारत शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक महेंद्र नागेश करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी पर्यावरण डॉ. उपेंद्र मणि शुक्ला उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में प्रांतीय कार्यकारिणी




सदस्य केशव शिक्षा समिति महाकौशल प्रांत मंजू पटेल तथा विभाग समन्वयक सरस्वती शिक्षा परिषद जबलपुर विभाग कमलेश अग्रहरि की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। समारोह में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक राम प्रसाद चक्रवर्ती हरिश्चंद्र शर्मा, हेतराम ठाकुर, रामजी ठाकुर, अशोक मुड़िया, अजय श्रीवास्तव, पुष्पा जी, गुलाब साहू, रतनचंद जैन एवं लोकेंद्र नेमा सहित 102 शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य परिवार का भी सम्मान होगा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार से भी गरिमामयी उपस्थिति की अपील की गई है। कार्यक्रम की तैयारियों में अध्यक्ष-व्यवस्थापक राजकुमार जैन के मार्गदर्शन में श्री आदर्श शिक्षा समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सरस्वती शिशु मंदिर परिवार जुटा हुआ है।

## गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने डीएफओ पर लगाए गंभीर आरोप

**गाली-गलौज और करोड़ों के गबन की शिकायत**

**नवभारत/ गोटेगांव नरसिंहपुर।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी मध्यप्रदेश ने वन मंडल अधिकारी नरसिंहपुर कल्पना तिवारी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए राज्यपाल, मुख्यमंत्री और वन मंत्री के नाम एसडीएम गोटेगांव को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश महामंत्री सुरेश झारिया द्वारा सौंपे गए ज्ञापन क्रमांक 68/25 दिनांक 02/09/26 में उल्लेख है कि पार्टी द्वारा विगत माह जून से वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने और अवैध सागौन कटाई को लेकर पत्राचार किया जा रहा था। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि वन विकास कार्य हेतु म.प्र. भोपाल से



कई करोड़ रुपये आया, जिसकी 95 प्रतिशत राशि का गबन किया गया है। इसी संबंध में सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी गई और चालान के माध्यम से राशि जमा कराने के बाद 1 सितंबर 2026 को छ्व्रह्र सुश्री कल्पना तिवारी ने आवेश में आकर प्रदेश संयोजक पी.एस. मावई और आवेदक से गंदी-गंदी गालियां दीं। इस मामले की लिखित शिकायत थाना प्रभारी छ्व्य नरसिंहपुर को दी गई है, जिसकी छायाप्रति ज्ञापन के साथ संलग्न है। पार्टी ने मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है।

## शिक्षक छोटेलाल कौरव को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**नवभारत/ गाडरवारा।** चीचली विकासखंड अंतर्गत ग्राम घोघरा की शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक छोटेलाल कौरव के सेवानिवृत्त होने पर विदाई एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार सहित शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों एवं शिक्षकों ने उपस्थित होकर उनके सेवाकाल को याद किया और भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षक छोटेलाल कौरव का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। साथ ही उन्हें उपहार प्रदान कर उनके आगामी जीवन के लिए सुख, समृद्धि,




उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर चीचली बीआरसी डीके पटेल, संकुल प्राचार्य ओमप्रकाश कौरव, सत्यम ताम्रकार सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक का जीवन समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपने सेवाकाल में शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा एवं संस्कार प्रदान करने के साथ विद्यालय और शिक्षा व्यवस्था में दिया गया योगदान सदैव स्मरणीय रहता है। कार्यक्रम में शिक्षकों ने छोटेलाल कौरव के साथ बिताए कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए ।

## 11 किमी की युवा जागरण पदयात्रा और नशा मुक्ति अभियान

**समाजसेवी फलित सिंह पटेल के नेतृत्व में झामर से धमना तक निकली यात्रा**

**नवभारत/ नरसिंहपुर ।** 'माई भारत' नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत सहयोग युवा समिति द्वारा युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और समाज में नशामुक्ति के प्रति जनचेतना बढ़ाने के उद्देश्य से 'युवा जागरण पदयात्रा' का आयोजन किया गया। समाजसेवी फलित सिंह पटेल के नेतृत्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झामर से सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमना तक निकली इस पदयात्रा ने लगभग 11 किलोमीटर की दूरी तय की उल्लेखनीय है कि




फलित सिंह पटेल ने युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक करने और उन्हें इस सामाजिक अभियान से जोड़ने के लिए 100 दिवसीय जनजागरण का संकल्प लिया है। युवा जागरण पदयात्रा के आयोजन के साथ इस संकल्प का चौथा सप्ताह सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ अभियान के पिछले तीन सप्ताहों में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और विद्यालयों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं एवं युवाओं से लगातार संवाद किया गया। उन्हें तंबाकू, शराब एवं अन्य नशों से होने वाले शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए स्वयं नशा न करने तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई इसी जनजागरण को विद्यालयों से आगे गांव और आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से झामर से धमना तक युवा जागरण पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों, स्थानीय नागरिकों एवं सहयोग युवा समिति के सदस्यों ने सहभागिता की। हाथों में नशामुक्ति एवं युवा जागरण के संदेश वाली तख्तियां लेकर प्रतिभागियों ने युवा जागेगाङ्कनशा भागेगा, नशे को नाङ्कजीवन को हां और नशामुक्त युवाङ्कसशक्त भारत जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

## लम्हेटा की पट्टे की जमीन के फर्जी बेनामे की जांच की मांग

**नवभारत/ गोटेगांव/ नरसिंहपुर।** गोटेगांव के बैनर तले मंगलवार को महामहिम राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम गोटेगांव को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में ब्लॉक संयोजक भानुप्रताप परस्ते ने दो प्रमुख मांगें रखीं। पहली मांग मौजा लम्हेटा के खसरा नं. 107/2 रकबा 2.501 हे. भूमि जो दलित गौड़ द्वारा तोंडल पटेल को विक्रय की गई है, उसका बैनामा प्रमोद पचधान (लक्खू) के नाम से कराया गया है। संगठन ने मांग की है कि इस भूमि को शासकीय मद में दर्ज किया जाए। दूसरी मांग, मौजा लम्हेटा के खसरा नं. 107/1, 107/2 और 107/3 प्रत्येक 2.501 हे. भूमि म.प्र. शासन द्वारा पट्टेधारियों को दी गई थी। खसरा नं. 107/3 के पट्टेधारी नन्हेलाल व तुलसीराम जीवन यापन करने प्रस्ताव की गई थी, उसी समय आज उनके परिवार वाले कब्जे में हैं। आरोप है कि खसरा नं. 107/2 और 107/3 की भूमि में रतन व सुखई गौड़ काबिज थे। कब्जे के अनुसार दलित गौड़ ने पूर्व में ख.नं. 107/3 रकबा 2.501 हे. भूमि का विक्रय किया है और बाद में ख.नं. 107/2 रकबा 2.501 हे. भूमि तोंडल पटेल से प्रमोद ठाकुर के नाम से विक्रय किया है। अभी ख.नं. 107/3 रकबा 2.501 हे. भूमि रामसेवक तिवारी, देवेन्द्र पाण्डे, आशा रानी, अवधवाल, आभा रानी अग्रवाल के नाम से कैसे आयी है।

## जन्माष्टमी पर प्रसिद्ध जानकी बैंड देगा प्रस्तुति

**नवभारत/ नरसिंहपुर ।** श्रीकृष्ण पाथेय न्यास द्वारा जन्माष्टमी पर प्रदेश के विभिन्न शहरों के प्रमुख मंदिरों में 'श्रीकृष्ण पर्व' का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में नरसिंहपुर में श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन श्री देव राधावल्लभ मंदिर, नरसिंह परिसर में 4 सितंबर को रात्रि 8 बजे से किया जाएगा।

आयोजन में जिलेवासियों के लिए विशेष आकर्षण देशभर में अपनी प्रस्तुतियों के लिए प्रसिद्ध जानकी बैंड, जबलपुर होगा। बैंड द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से ओतप्रोत भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। इस बैंड की विशेषता यह है कि इसमें सभी कलाकार महिलाएं हैं। गायन से लेकर वादन तक की प्रस्तुतियां



महिला कलाकारों द्वारा ही दी जाती हैं। जानकी बैंड देश के अनेक प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी प्रस्तुतियां दे चुका है। जन्माष्टमी के अवसर पर होने वाली यह सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संध्या नगरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास ने नगर के सभी धर्मानुरागी नागरिकों से आयोजन में उपस्थित होने की अपील की है। न्यास ने कहा कि सभी श्रद्धालु इस भक्ति एवं सांस्कृतिक संध्या में सम्मिलित होकर भक्ति रस की गंगा में सराबोर हों और भगवान बालकृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद लें।

## श्रद्धांजलि सभा में गूंजे वैदिक मंत्र सामाजिक सुधार का भी दिया संदेश

**नवभारत/ करेली।** नगर के प्रतिष्ठित परिवार के डालचंद सनेडिया की धर्मपत्नी स्व. मुन्नी देवी सनेडिया के देवलोकगमन के पश्चात उनकी स्मृति में बुधवार को सामुदायिक भवन, सोमवारा बाजार, करेली में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार, प्रार्थना एवं आध्यात्मिक विधि से श्रद्धांजलि कार्यक्रम संपन्न कराया गया। उपस्थितजनों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर परिवार द्वारा लिए गए सामाजिक सुधार से जुड़े निर्णय की भी उपस्थितजनों ने सराहना की। परिवार ने ग्यारहवीं एवं गंगापूजन का कार्यक्रम केवल कुटुंब तक सीमित रखने तथा मृत्युभोज जैसी सामाजिक परंपरा पर अंकुश लगाने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि किसी परिवार में मृत्यु होने के बाद परिजन पहले ही गहरे दु:ख और कई बार आर्थिक कठिनाइयों से गुजरते हैं। ऐसे समय में सामाजिक दबाव के कारण होने वाला अनावश्यक खर्च परिवार पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालता है। इसलिए मृत्युभोज के स्थान पर दिवंगत परिजन की स्मृति में जरूरतमंदों की सहायता, शिक्षा, चिकित्सा, पौधारोपण, गौसेवा अथवा अन्य जनसेवा के कार्य किए जाने चाहिए।

**कार्यक्रम** — **प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए मिली प्रोत्साहन राशि**

## स्कूलों में देखा गया कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**नवभारत/ गाडरवारा।** मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 'प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना' के अंतर्गत प्रदेश के 1 लाख 21 हजार से अधिक विद्यार्थियों के बैंक खातों में लैपटॉप क्रय हेतु ?304 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कुछ विद्यार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से लैपटॉप भी वितरित किए तथा उनसे संवाद कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं




दीं। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण क्षेत्र के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में किया गया। चीचली ब्लॉक अंतर्गत सालीचौका स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सूखाखैरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित क्षेत्र के अन्य विद्यालयों में विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का प्रसारण देखा। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए संचालित योजना एवं लैपटॉप वितरण से संबंधित जानकारी भी मिली।

**विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा**

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ना तथा पढ़ाई के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें आगे की शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। लैपटॉप मिलने से विद्यार्थी ऑनलाइन अध्ययन, शैक्षणिक सामग्री, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं विभिन्न डिजिटल संसाधनों का बेहतर उपयोग कर सकेंगे। जिला स्तर से विद्यार्थियों ने की सहभागिता उल्लेखनीय है।

## कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि एवं संबद्ध विभागों की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर जिले में आगामी रबी मौसम की तैयारियों, उर्वरक एवं बीज उपलब्धता तथा किसानों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, सहकारिता विभाग सहित संबंधित संस्थाओं के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। अमानक खाद-बीज विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई के निर्देश कलेक्टर सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में अमानक खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। ऐसे विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त करने के साथ आवश्यकतानुसार एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों को नियमित निरीक्षण एवं नमूना जांच की कार्रवाई प्रभावी ढंग से जारी रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सिंह ने सितंबर माह में रबी फसलों के बीज की जांच के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उसे समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिले में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। उप संचालक कृषि आरपी झारिया ने बताया कि जिले में पर्याप्त उर्वरक उपलब्धता है। कलेक्टर सिंह ने कहा कि किसानों को समय पर एवं पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जाए तथा कहीं भी अनावश्यक भंडारण न हो। डबल लॉक केंद्रों एवं सहकारी समितियों में उपलब्ध उर्वरक की स्थिति की समीक्षा की गई। ई-विकास प्रणाली 2.0 के माध्यम से उर्वरक उठाव एवं वितरण की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना की समीक्षा के दौरान मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं का बेहतर एवं व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसानों को समय पर मृदा परीक्षण एवं सॉइल हेल्थ कार्ड का लाभ मिल सके। एग्रीस्टेक पंजीयन एवं फार्मर आईडी निर्माण अभियान की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री एवं पैक्स सदस्यता अभियान की नियमित रिपोर्टिंग एसएडीओ द्वारा ली जाए। जिन क्षेत्रों में शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए।